## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति ट्रंप ने इजरायली पीएम नेतन्याहू से ईरान संग युद्धविराम पर की बात : व्हाइट हाउस



**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्तों के युद्धविराम पर सहमति बनी है। इजरायल ने भी इस फैसले का समर्थन किया है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत की थी, जिसके बाद ईरान के साथ युद्धविराम ढांचे पर समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाया। ट्रंप प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को बताया, 'राष्ट्रपति ने डील पक्की करने के लिए पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से बात की। उन्होंने युद्धविराम पर पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से भी बात की थी।' यह बातचीत ऐसे समय में हुई जब अमेरिका ने ईरान पर प्रस्तावित सैन्य हमलों को रोकने और होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने से जुड़ी वार्ताओं के लिए दो सप्ताह का समय देने का निर्णय लिया। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह दो हफ्ते के लिए हमले रोक देंगे, बशर्ते ईरान इस अहम समुद्री रास्ते को पूरी तरह तुरंत और सुरक्षित तरीके से फिर से खोलने पर सहमत हो जाए। ईरान ने इस रोक को कुछ शर्तों के साथ मंजूरी दी और कहा कि अगर हमले रुक जाते हैं, तो वह भी अपनी गतिविधियां रोक देगा और इस दौरान स्ट्रेट से सीमित और सुरक्षित आवाजाही की इजाजत देगा। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि इजरायल भी दो हफ्ते की इस रोक पर सहमत हो गया है। यह अमेरिका के रुख के मुताबिक ही है, क्योंकि हालात को स्थिर करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। ट्रंप प्रशासन ने इस युद्धविराम को सैन्य अभियानों के बाद अपनाई गई एक बड़ी रणनीति का हिस्सा बताया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'यह अमेरिका की जीत है, जिसे राष्ट्रपति ट्रंप और हमारी शानदार सेना ने मुमकिन बनाया है।

### ट्रंप के बेटे ने यूरोपीय संघ की आलोचना की

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बड़े बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने बोस्निया के दौरे के दौरान यूरोपीय संघ की नीतियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यूरोप में बहुत सारी उदार और 'वोक' नीतियां निवेश को रोक रही हैं और यह यूरोपीय संघ के पूर्वी और पश्चिमी देशों के बीच बड़े मतभेद पैदा कर रही हैं।ट्रंप जूनियर ने कहा कि पूर्वी यूरोपीय देशों में कामकाजी मानसिकता अब भी बनी हुई है, जबकि पश्चिमी यूरोप राजनीतिक मामलों में भ्रमित है। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोप की इस स्थिति को सुधारने का तरीका है कि वे अपने रास्ते से हटें।उनका यह दौरा बोस्निया के सेर्ब रिपब्लिका स्र्स्का क्षेत्र में हुआ, जहां के नेताओं ने लंबे समय से अमेरिकी और रूसी नेताओं का समर्थन किया है। यह दौरा वहां की सेर्ब अलगाववादी राजनीति को भी समर्थन देने वाला माना गया।

### बांग्लादेश में पहली महिला स्पीकर शर्मिन चौधरी ढाका से गिरफ्तार

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश संसद की पूर्व और पहली महिला स्पीकर शिरीन शर्मिन चौधरी को राजधानी ढाका में गिरफ्तार कर लिया गया है। चौधरी को ढाका महानगर पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) ने लालबाग पुलिस स्टेशन में जन आंदोलन के दौरान हुई हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाओं से संबंधित एक मामले में गिरफ्तार किया है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच के प्रमुख शफीकुल इस्लाम ने कहा, उन्हें गिरफ्तार कर कार्यालय लाया गया और गहन पूछताछ की जा रही है। वह कई जगहों पर छिपी हुई थीं और हाल ही में वह धानमंडी में एक रिश्तेदार के घर पर रह रही थीं।

### तनाव के बीच चीन पहुंचीं ताइवान की नेता प्रतिपक्ष चेंग ली वुन

**बीजिंग, एजेंसी।** ताइवान जलडमरूमध्य में जारी तनाव के बीच ताइवान की नेता प्रतिपक्ष चेंग ली-वुन छह दिवसीय दौर पर मंगलवार को शंघाई (चीन) पहुंचीं। वुन के साथ उनकी बीजिंग समर्थक पार्टी- चीनी कुओमिन्तांग (केएमटी) का एक प्रतिनिधिमंडल भी चीन की यात्रा पर है। इस यात्रा के दौरान वुन राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर जलडमरूमध्य में तनाव कम करने पर चर्चा करेंगी। वुन की चीन यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर है।

# इस्लामाबाद वार्ता के लिए पाक जाएंगे जेडी वेंस? स्टीव विटकॉफ, जेरेड कुशनर भी होंगे साथ

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान ने पश्चिम एशिया में चल रहे भारी तनाव और संघर्ष को कम करने की दिशा में एक बड़ा कूटनीतिक कदम उठाया है। बुधवार को पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान को शांति वार्ता के लिए इस्लामाबाद आने का न्योता दिया। यह अहम बैठक शुक्रवार, 10 अप्रैल को होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि इस बैठक में शामिल होने के लिए ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, उनके दामाद जेरेड कुशनर और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस्लामाबाद का दौरा कर सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस फिलहाल हंगरी के दौरे पर हैं और उनके मौजूदा विदेशी दौरे के कार्यक्रम में इस्लामाबाद को भी शामिल किए जाने की संभावना है।

इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया के माध्यम से दुनिया को इस बड़े घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमेरिका, ईरान और उनके सहयोगी देश मौजूदा संघर्ष के बीच तत्काल युद्धविराम के लिए तैयार हो गए हैं। प्रधानमंत्री शरीफ ने अपनी पोस्ट में लिखाः अत्यंत विनम्रता के साथ, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि



इस्लामी गणराज्य ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका, अपने सहयोगियों के साथ, लेबनान और अन्य सभी स्थानों पर तत्काल युद्धविराम के लिए सहमत हो गए हैं, जो तुरंत प्रभाव से लागू होगा।

**इस्लामाबाद वार्ता' का उद्देश्य :** शहबाज शरीफ ने जानकारी दी कि पाकिस्तान ने दोनों देशों (अमेरिका और ईरान) के प्रतिनिधिमंडलों को 10 अप्रैल को इस्लामाबाद में आमने-सामने की बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। इस वार्ता का मुख्य लक्ष्य एक निर्णायक समझौते पर पहुंचना और दोनों देशों के बीच सभी विवादों को सुलझाना है। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई है कि प्रस्तावित 'इस्लामाबाद वार्ता' क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगी।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, इस अहम शांति वार्ता में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक उच्च-स्तरीय दल इस्लामाबाद जाएगा। इस दल में शामिल प्रमुख नाम हैंः जेडी वेंसः अमेरिका के उपराष्ट्रपति, स्टीव विटकॉफः राष्ट्रपति ट्रंप के विशेष दूत, जेरेड कुशनरः वाइट हाउस के वरिष्ठ सलाहकार और राष्ट्रपति के दामाद, पाकिस्तान के सरकारी टेलीविजन ने पुष्टि की है कि अमेरिकी और ईरानी प्रतिनिधियों के बीच यह बातचीत आमने-सामने होगी।

**ईरान की पहली पसंद बने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस :** रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने ट्रंप प्रशासन को स्पष्ट संदेश दिया है कि वे स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर के साथ बातचीत के पक्ष में नहीं हैं। सूत्रों के हवाले से सीएनएन ने बताया कि पिछली वार्ताओं के विफल होने और उसके बाद अमेरिका-इजरायल द्वारा की गई सैन्य कार्रवाइयों के कारण ईरान में इन दोनों अमेरिकी अधिकारियों के प्रति विश्वास की भारी कमी है।

इसके विपरीत, ईरान का मानना है कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस युद्ध को समाप्त करने के प्रति अधिक सहानुभूति रखते हैं। वेंस के कूटनीतिक रुख को देखते हुए ईरान को लगता है कि उनके नेतृत्व में होने वाली बातचीत अधिक फलदायी और संघर्ष को निर्णायक रूप से खत्म करने वाली साबित हो सकती है।

इससे पहले, फरवरी 2026 में जेनेवा में ओमान की मध्यस्थता में विटकॉफ और कुशनर ने ईरान के साथ अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता की थी। उस समय प्रगति हुई थी, लेकिन उसके दो दिन बाद अमेरिका-इजरायल ने ईरान पर हमले कर दिए और सुप्रीम लीडर अली खामेनेई समेत कई नेताओं की हत्या कर दी, जिससे युद्ध शुरू हो गया। ईरान ने इसे धोखा माना और विटकॉफ व कुशनर के साथ आगे बातचीत से इनकार कर दिया।

## ईरान को पाई पाई चुकाएगा अमेरिका, जो नुकसान किया उसका देगा मुआवजा



**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष विराम का ऐलान हो गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान से मिले 10 बिंदु बातचीत आगे बढ़ाने का आधार हैं। खबर है कि इसमें ईरान ने एक शर्त यह भी रखी है कि उसे हुए नुकसान का मुआवजा भी दिया जाएगा। सबसे बड़ी राहत स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का खुलना मानी जा रही है, जिसपर दुनिया का तेल वितरण टिका हुआ था। सभी मोर्चों पर युद्ध रोकना, जिसमें लेबनान के 'इस्लामिक रेजिस्टेंस' के खिलाफ युद्ध भी शामिल है। ट्रंप ने लिखा, 'पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर से हुई बातचीत के आधार पर, जिसमें उन्होंने मुझसे ईरान पर आज रात होने वाले विनाशकारी हमले को रोकने का अनुरोध किया था। साथ ही ईरान के स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पूरा, तत्काल और सुरक्षित तरीके से खोलने के मद्देनजर मैं दो सप्ताह के लिए ईरान पर दो हफ्ते के लिए बमबारी और हमले रोकने के लिए तैयार हो गया हूं।' ट्रंप ने कहा, 'अमेरिका और ईरान के बीच पिछले विवाद के लगभग सभी बिंदुओं पर सहमति बन चुकी है, लेकिन दो हफ्तों का संघर्ष विराम समझौते को अंतिम रूप देने और लागू करने में मदद करेगा।' पाकिस्तान ने बुधवार को अमेरिका और ईरान को इस्लामाबाद में वार्ता के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अमेरिका और ईरान ने तत्काल संघर्षविराम पर सहमति जताई है। शरीफ ने बताया कि पाकिस्तान ने दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों को 10 अप्रैल को इस्लामाबाद में आमने-सामने बातचीत के लिए आमंत्रित किया है, ताकि 'सभी विवादों का समाधान' निकाला जा सके। एपी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि चीन ने ईरान के नेताओं से बातचीत करके उन्हें अमेरिका से युद्धविराम का रास्ता तलाशने के लिए राजी करने की कोशिश की। दो अधिकारियों ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर कहा कि बातचीत के दौरान चीनी अधिकारी ईरानी अधिकारियों के संपर्क में थे।

## ऑस्ट्रेलिया में पूर्व सैनिक पर युद्ध अपराध का केस दर्ज

**डरबन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में एक और पूर्व सैनिक पर युद्ध अपराध का केस दर्ज किया गया है। उस पर आरोप है कि उसने 2009 से 2012 के बीच अफगानिस्तान में तैनाती के दौरान पांच निहत्थे नागरिकों की हत्या की थी। पुलिस ने अभी तक आरोपी के नाम की पुष्टि नहीं की है, लेकिन उसे जल्द ही सिडनी की एक अदालत में पेश किए जाने की संभावना है। 47 वर्षीय यह सैनिक अफगानिस्तान अभियान में शामिल होने वाला दूसरा ऑस्ट्रेलियाई पूर्व सैनिक है, जिस पर युद्ध अपराध का आरोप लगा है।

## वकील से मिल सकेंगे इमरान खान इस्लामाबाद हाईकोर्ट का आदेश

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अल-कादरी ट्रस्ट मामले में जल्द ही अपने वकील से मिल सकेंगे। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को अधिकारियों को आदेश दिया कि वे खान और उनके अधिवक्ता की मुलाकात का इंतजाम करें। दरअसल, सुनवाई के दौरान अधिवक्ता सलमान सफदर ने कहा कि उन्हें अपने मुवक्किल (खान) से केस के सिलसिले में परामर्श करने की जरूरत है। इस पर मुख्य न्यायाधीश सरफराज डोगर और न्यायमूर्ति मोहम्मद आसिफ की पीठ ने उन्हें इजाजत दे दी।

## लेबनान पर लागू नहीं होगा युद्धविराम, शहबाज शरीफ के दावों को नेतन्याहू ने किया खारिज

**येरूशलम, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव को खत्म करने के लिए कूटनीति का रास्ता खुल चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान के खिलाफ हमलों को रोकने के साथ बातचीत के लिए दो सप्ताह के युद्धविराम का एलान किया है। इस्राइल ने भी अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले का समर्थन किया है। हालांकि, इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ किया है कि यह युद्धविराम लेबनान पर लागू नहीं होगा। नेतन्याहू के बयान ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के उस दावे की पोल खोल दी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि यह युद्धविराम ईरान के साथ ही लेबनान पर भी लागू होगा।



**लेबनान पर लागू नहीं होगा युद्धविराम : नेतन्याहू :** इस्राइली पीएम ने आगे कहा, ''अमेरिका ने इस्राइल को बताया है कि वह आगामी वार्ता में अमेरिका, इस्राइल और पश्चिम एशिया के क्षेत्रीय सहयोगियों द्वारा साझा किए गए इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। दो सप्ताह का यह युद्धविराम लेबनान पर लागू नहीं होगा। तुरंत होर्मुज खोले ईरान :इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइल राष्ट्रपति ट्रंप के ईरान के खिलाफ दो सप्ताह के लिए हमले निलंबित करने के फैसले का समर्थन करता है, बशर्ते ईरान तुरंत जलडमरूमध्य खोल दे। उन्होंने कहा कि अमेरिका, इस्राइल और क्षेत्र के देशों पर सभी हमले बंद कर दे। उन्होंने कहा कि इस्राइल, अमेरिका द्वारा यह सुनिश्चित करने के प्रयासों का भी समर्थन करता है कि ईरान अब अमेरिका, इस्राइल, ईरान के अरब पड़ोसियों और दुनिया के लिए परमाणु, मिसाइल और आतंकवादी खतरा न बने। शहबाज शरीफ ने किया था क्या दावा? पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दावा करते हुए कहा था कि ईरान और अमेरिका, अपने सहयोगियों सहित लेबनान और अन्य सभी क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। उन्होंने कहा कि मैं इस दूरदर्शी कदम का स्वागत करता हूं और दोनों देशों के नेतृत्व के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। शरीफ ने कहा,''मैं दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों को शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 को इस्लामाबाद में सभी विवादों के समाधान के लिए एक निर्णायक समझौते पर आगे की बातचीत के लिए आमंत्रित करता हूं। दोनों पक्षों ने उल्लेखनीय बुद्धिमत्ता और सूझबूझ का प्रदर्शन किया है और शांति एवं स्थिरता के उद्देश्य को आगे बढ़ाने में रचनात्मक रूप से लगे रहे हैं।

## सीजफायर को बाद तेहरान में जश्न का माहौल, खुशी से झूम रही ईरानी अवाम

**तेहरान, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट के लिए आज की सुबह एक बड़ी राहत लेकर आई है. अमेरिका और ईरान के बीच जारी भीषण जंग पर 40 दिनों के बाद सीजफायर हो गया है. दोनों देशों ने आधिकारिक तौर पर दो हफ्तों के सीजफायर यानी युद्धविराम की घोषणा कर दी है. इस खबर के आते ही तेहरान में लोग इसे अपनी बड़ी जीत मानकर ढोल-नगाड़ों के साथ खुशियां मना रहे हैं.वहीं ईरान से सटे इराक में भी लोग जश्न में डुबे हैं. बगदाद के तहरीर स्क्वायर पर इराकियों का हुजूम जश्न मनाने सड़कों पर उतर आया है.

ईरान की तरफ से दावा किया जा रहा है कि यह अमेरिकी-इजरायली ताकतों के खिलाफ उनकी ऐतिहासिक जीत है. भारत में मौजूद ईरानी दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ङ्क' पर इस जीत का संदेश साझा किया है. हालांकि,



दूसरी तरफ वाशिंगटन की तस्वीर बिल्कुल अलग है. ट्रंप इस युद्धविराम को अमेरिका की जीत बता रहे हैं.

**पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुआ सीजफायर :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर इस पूरे घटनाक्रम की बारीकियों को साझा किया है. ट्रंप ने बताया कि उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ लंबी बातचीत की. ट्रंप के मुताबिक, पाकिस्तान ने अमेरिका से गुजारिश की थी कि ईरान पर होने वाले उस भीषण हमले को फिलहाल टाल दिया जाए, जो आज रात ही अंजाम दिया जाना था. इसके बाद ट्रंप ने ईरान के सामने 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' को तुरंत और सुरक्षित तरीके से खोलने की शर्त रखी. ईरान के राजी होने के बाद अब दो हफ्तों के लिए बमबारी और हमले रोक दिए गए हैं. 'हमने 38 दिनों में पूरा किया अपना मिशन' व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने इस युद्धविराम को राष्ट्रपति ट्रंप और अमेरिकी सेना की एक बड़ी उपलब्धि करार दिया है. उन्होंने कहा कि युद्ध की शुरुआत में ट्रंप ने अनुमान लगाया था कि यह जंग चार से छह हफ्ते चलेगी और ठीक 38वें दिन अमेरिका ने अपने मुख्य सैन्य उद्देश्यों को न केवल हासिल किया, बल्कि उनसे आगे निकल गया. अब वाशिंगटन का ध्यान 'दीर्घकालिक शांति' की ओर है. क्या अब हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी ईरान अमेरिका की दुश्मनी? युद्धविराम की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी वह '10 सूत्रीय प्रस्ताव' है जो ईरान की तरफ से अमेरिका को भेजा गया है. राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि पुराने विवादों के लगभग सभी बिंदुओं पर दोनों देशों के बीच सहमति बन चुकी है।

## भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने डोनाल्ड ट्रंप से की मुलाकात, कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर इन दिनों अमेरिका में हैं। मंगलवार रात उन्होंने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ डिनर किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अमेरिका-भारत संबंधों पर चर्चा की।

**गोर ने मुलाकात को बताया यादगार :** सर्जियो गोर ने इस मुलाकात को बहुत यादगार बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा 'राष्ट्रपति ट्रंप के साथ रात्रिभोज का अनुभव शानदार रहा। हमने वैश्विक स्थिरता लाने के उनके अटूट संकल्प, उनके राष्ट्रपति कार्यकाल की ऐतिहासिक उपलब्धियों, भारत-अमेरिका संबंधों के उज्ज्वल भविष्य और कई अन्य विषयों पर चर्चा की! इतिहास को अपनी आंखों के सामने घटते हुए देखना एक बेहद यादगार शाम थी'

**वाणिज्य सचिव से हुई भी मुलाकात :** इससे पहले सर्जियो गोर ने अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक से भी मुलाकात की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाने के रोडमैप पर बात हुई। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक नए समझौते पर चर्चा की। इसके अलावा, भारतीय दवा कंपनियों के अमेरिका में निवेश को लेकर भी बातचीत हुई। इससे बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और सामान की सप्लाई चेन मजबूत होगी। गोर ने भारतीय कंपनियों को आने वाले समिट में



हिस्सा लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

**गोर काश पटेल की तारीफ की :** सर्जियो गोर ने एफबीआई के निदेशक काश पटेल से भी मुलाकात की। उन्होंने साइबर अपराध, नशीली दवाओं की तस्करी और अवैध नेटवर्क जैसे अंतरराष्ट्रीय खतरों से निपटने के लिए आपसी सहयोग पर चर्चा की। गोर ने सुरक्षा के मामले में काश पटेल के काम की सराहना की। उन्होंने बताया कि काश पटेल के नेतृत्व में अमेरिका में कानून-व्यवस्था बेहतर हुई है। साल 2025 में हिंसक अपराधों में गिरफ्तारियां 112 प्रतिशत बढ़ी हैं, जबकि हत्या और लूटपाट की घटनाओं में 20 प्रतिशत की कमी आई है।

**सर्जियो गोर ने जेडी वेंस से भी की मुलाकात :** अपनी वाशिंगटन यात्रा के दौरान सर्जियो गोर ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से भी मुलाकात की। उन्होंने वेंस के साथ भारत और अमेरिका के संबंधों को और बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श किया। राजदूत की इन मुलाकातों से साफ है कि आने वाले समय में दोनों देशों के बीच सहयोग और गहरा होगा।

## ईरान से सीजफायर कर घर में ही घिरे डोनाल्ड ट्रंप, कट्टर समर्थक हो गए नाराज

**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को तबाह करने की धमकी देने के बाद अब सीजफायर का ऐलान कर दिया है। इस युद्धविराम के तहत अमेरिका ईरान पर अपने हमले रोक देगा। वहीं दूसरी तरफ ईरान ने कहा है कि उसने दो हफ्ते के लिए सीजफायर पर सहमति जरूर जताई है, लेकिन युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ है। ऐसे में युद्धविराम को लेकर अब भी संशय बना हुआ है। इस बीच सीजफायर के ऐलान के बाद डोनाल्ड ट्रंप घर में ही घिर गए हैं। उनके समर्थकों ने खुलकर ट्रंप के इस फैसले पर सवाल उठाए हैं। रिपब्लिकन पार्टी आपस में भी बंट गई है।

बुधवार को ट्रंप की नीतियों की बड़ी समर्थक रहीं लारा लूमर ने कहा कि इस युद्धविराम से अमेरिका के लिए जीत जैसा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से अमेरिका को कुछ हासिल नहीं हुआ और ईरान के लोग जश्न मना रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'हमें इससे असल में कुछ भी हासिल नहीं हुआ और ईरान में आतंकवादी जश्न मना रहे हैं।

**क्या बोलीं लारा लूमर :** लारा लूमर ने आगे लिखा, 'मुझे नहीं पता कि लोग ऐसा क्यों बर्ताव कर रहे हैं जैसे यह कोई जीत हो। मुसलमान, वोक राइख और ट्रंप से नफरत करने वाले इस 'समझौते' का इस्तेमाल राष्ट्रपति ट्रंप पर हमला करने के लिए कर रहे हैं। वे टकर कार्लसन के सहयोगियों की तारीफ कर रहे हैं और राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ 25वें संशोधन का इस्तेमाल करने की मांग कर रहे हैं। यह सीजफायर नाकाम होगा।' लारा लूमर ने कहा कि ट्रंप सही साबित होंगे कि ईरानी शासन को जड़ से मिटाने की जरूरत है, लेकिन फिलहाल ट्रंप गुमराह हो चुके हैं।



**समीक्षा की मांग :** दूसरी तरफ सीनेटर रिक स्कॉट ने इस युद्धविराम को सही दिशा में उठाया गया कदम बताया। उनका कहना है कि ट्रंप की यह नीति दर्शाती है कि मजबूत नेतृत्व के जरिए शांति की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है, न कि कमजोर नीतियों के जरिए। वहीं रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने इस पूरे मामले को लेकर सावधानी बरतने की बात कही। उन्होंने कहा कि अभी यह साफ नहीं है कि क्या सच है और क्या गलत, इसलिए इस समझौते की गहराई से समीक्षा होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि जैसे पहले ईरान से जुड़े समझौतों की जांच की गई थी, वैसे ही इस बार भी संसदीय समीक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि हर पहलू को ठीक से समझा जा सके।

**ट्रंप ने किया था ऐलान :** इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार देर रात ईरान पर बड़े हमलों की अपनी धमकी से पीछे हटते हुए युद्धविराम की घोषणा की। ट्रंप को तेहरान को समझौते के लिए दी गई तय समयसीमा खत्म होने से लगभग दो घंटे पहले यह ऐलान किया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान दो सप्ताह के संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं, और इस वजह से वह ईरान के पुलों और बिजली संयंत्रों पर हमले की अपनी योजना फिलहाल टाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष विराम में होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना भी शामिल है। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने कहा है कि उसने संघर्षविराम को स्वीकार कर लिया है और वह शुक्रवार से पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमेरिका से बातचीत करेगा। हालांकि, ना तो ईरान और न ही अमेरिका ने यह बताया कि संघर्षविराम कब से लागू होगा। ईरान ने युद्धविराम के लिए एक 10 सूत्री संघर्षविराम योजना भी जारी की है। इस बीच बुधवार सुबह इजरायल, ईरान और खाड़ी क्षेत्र में हमले जारी रहे।


स्वामी,मुद्रक व् प्रकाशकः सुरेश मौर्या द्वारा अष्ठ विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास ,भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक : सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/75100 (Subject to Surat jurisdiction)

